उच्च न्यायालय मध्यप्रदेशः जबलपुर

/ / सूचना / /

क्रमांक–1347 / परीक्षा / 18 दिनांक–27 / 10 / 2018

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर मुख्य पीठ पर चतुर्थ श्रेणी कलेक्ट्रेट रेट / आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारी, की सीधी भर्ती / नियुक्ति–2018 हेतु ऑनलाईन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी स्क्रीनिंग दिनांक–17.11.2018 (शनिवार), 18.11.2018 (रविवार), 15.12.2018 (शनिवार) एवं 16.12.2018 (रविवार) को म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर परिसर मे प्रातः 09.00 बजे से आयोजित की गई है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र एम0पी0ऑनलाईन की वेबसाईट से अपना आवेदन क्रमांक व जन्मतिथि दर्ज कर प्राप्त कर सकते है। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र में दर्ज नियत तिथि, समय एवं स्थान (कोर्ट रूम) में स्क्रीनिंग हेतु आधा घण्टा पूर्व प्रवेश पत्र व मूल फोटो पहचान पत्र के साथ उपस्थित होवें। मूल फोटो पहचान–पत्र नहीं लाने वालों एवं निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को स्क्रीनिंग में सम्मिलित होने नहीं दिया जावेगा व उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी।

महत्वपूर्ण सूचना– समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह स्क्रीनिंग हेतु म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर के परिसर में उपस्थित होने पर शांति बनाये रखेंगे उनके द्वारा किसी भी तरह का अशांत वातावरण निर्मित करना, अशिष्ट आचरण करना एवं स्क्रीनिंग कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार करना आपराधिक कृत्य माना जायेगा और उनकी अभ्यर्थिता तत्काल समाप्त करते हुए दाण्डिक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

स्क्रीनिंग में उपस्थित होने के लिए आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा प्रदान नहीं किया जावेगा।

(राजीव कुमार श्रीवास्तव)
प्रिंसिपल रजिस्ट्रार (परीक्षा)
27.10.18